nandgaon times feb-27-3.qxd 2/27/2026 12:00 AM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

विधायक भोलाराम साहू के अथक... पृष्ठ 2 | अवैध शराब भट्ठी को हटाने छन्नी... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स


NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 136, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# विधानसभा के गर्भगृह में धरना देने वाले सभी कांग्रेस विधायक निलंबित

**सभापति ने सभी कांग्रेस विधायकों को किया निलंबन की घोषणा**

**समय पर धान खरीदी नहीं होने पर लाखों किसान वंचित**




**रायपुर।** विस में आज कांग्रेस ने धान खरीदी में अनियमितता को लेकर एक स्थगन प्रस्ताव लाया। कांग्रेस के सदस्यों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाने के कारण लाखें की संख्या में किसान अपना धान नहीं बेच पाये। सभापति धरमलाल कौशिक ने विपक्ष के प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया जिसके विरोध में विपक्ष ने जमकर नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में धरना दे दिया। जिसके कारण वे स्वयं निलंबित हो गये। विस में आज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं भूपेश बघेल द्वारा धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाने पर किसानों को हुई परेशानी को लेकर एक स्थगन प्रस्ताव लाया गया। सभापति ने इस पर विपक्ष को बोलने का अवसर दिया। भूपेश बघेल, उमेश पटेल, संगीता सिन्हा सहित अन्य सदस्यों ने सरकार पर आरोप लगाया कि धान खरीदी की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026 की तिथि को नहीं बढ़ाया गया जिससे इसे पिछड़ा वर्ग अजा अजजा वर्ग सहित अन्य वर्ग के किसानों का धान नहीं बिक पाया। सत्र के दौरान उन्होंने धान खरीदी में एग्रीटेक पोर्टल तथा अन्य औपचारिकताओं को पूरी करने में हुए विलंब के कारण किसानों की स्थिति पर प्रकाश डाला।

सदन में उपस्थित सावित्री मंडावी, संगीता सिंहा एवं विक्रम मंडावी, रामकुमार यादव ने भी चर्चा में भाग लिया। सभापति धरमलाल कौशिक द्वारा स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य किये जाने के विरोध में विपक्ष ने गर्भगृह में जाकर हंगामा किया जिसके कारण वे स्वयं निलंबित हो गये। सभापति कौशिक ने इसकी घोषणा की।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव ने की सौजन्य मुलाकात

## खेल विकास पर हुई सार्थक चर्चा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री कपिल देव को बेल मेटल से बनी प्रतिकृति, पुण्यभूमि छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, आधुनिक खेल अधोसंरचना के विकास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार द्वारा खेलों के प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना, प्रशिक्षण और अवसरों का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व कप्तान कपिल देव ने छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा, विश्वास और विकास के इस माहौल में प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट मंच प्राप्त होगा तथा छत्तीसगढ़ सुरक्षित, समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा।

# श्याम फागुन महोत्सव के तृतीय दिवस खेली जाएगी फूलों की होली

## जानवी शर्मा, निशा सोनी एवं रवि बेरीवाल के भजनों की होगी शानदार प्रस्तुति, उदयाचल में सजा है भव्य श्याम दरबार

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित 31 वें चार दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव के तृतीय दिवस आज फागुन शुक्ल एकादशी 27 फरवरी शुक्रवार को रात्रि 7:00 बजे से खाटूधाम ( उदयाचल प्रांगण ) में भव्य भजन संध्या आयोजित है। जिसमें कोलकाता की सुप्रसिद्ध श्याम दीवानी जानवी शर्मा एवं निशा सोनी के साथ ही कोलकाता के ही परम श्याम सेवक रवि बेरीवाल द्वारा फागुन महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए फागुनी रंगों में रंगे भजनों की बौछार से भक्त एवं भगवान को स्नान कराते हुए अपनी ओजस्वी एवम मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल की भावना घनश्याम अग्रवाल, विद्या गोपाल अग्रवाल, ज्योति सुशील अग्रवाल, सोनल अशोक अग्रवाल, मिथिलेश संतोष हुंका, ऋचा सौरभ अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुनी महोत्सव को भव्यता प्रदान करने




**इत्र, केशर एवं गुलाब जल की होगी लगातार बारिश**

उदयाचल प्रांगण में श्याम प्रभु का भव्य अलौकिक दरबार सजाया गया है, अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई है, जिसमे उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तो ने आहुति प्रदान कर प्रभु के समक्ष अपनी मनोकामना रखी, छप्पन भोग एवं पान भोग लगाया गया। महोत्सव के द्वितीय दिवस फागुन शुक्ला दशमी 26 फरवरी को सोनभद्र के श्याम सेवक संजीव शर्मा ने अपने सुमधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति से भक्त माता - बहनों एवम बंधुओं को नृत्य करने लालायित कर दिया। पूरे पंडाल में उपस्थित भक्त भजनों की धुन में थिरकने लगे, इस दौरान भक्तो के ऊपर इत्र, केशर, गुलाब जल एवम फूलो की बरसात होती रही। आयोजन समिति द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आज की प्रसादी के सेवार्थी ओमप्रकाश मधुसूदन अग्रवाल, श्रृंगार के सेवार्थी आशा जयप्रकाश अग्रवाल, छप्पन भोग के सेवार्थी प्रशांत अग्रवाल ( महाकाल ) एवं पानभोग के सेवार्थी नीता अशोक लोहिया परिवार है। समिति ने श्रद्धालु भक्त माता - बहनों एवम बंधुओं से आग्रह किया है कि इस धार्मिक महोत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित फागुन महोत्सव के दौरान उदयाचल प्रांगण में सजा भव्य श्री श्याम दरबार।**

## सोनाली का राज्य स्तरीय परीक्षा में चयन हुआ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विद्यालय गौरव



गौ विज्ञान जिला स्तरीय प्रतियोगिता में डोंगरगांव विकास खंड से कु सोनाली यादव 8वीं पू मा शा मनेरी ने 41अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्तकर राज्य स्तरीय परीक्षा रायपुर हेतु चयनित हुई वही 4थी की छात्रा वैष्णवी कवर ने विकाशखंड स्तर पर नन्हे सितारे प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर रहकर जिला हेतु चयनित हुई आज दोनों छात्रों को विद्यालय मे तिलक लगाकर सम्मान किया गया भवर लाल देवांगन प्रधान पाठक मनेरी नीलमनी साहू संकुल समन्वयक विनोद शर्मा खेमलता खरे भुनेश्वरी कोर्रामपूनम जोशी सुमन यादव सरस्वती सिन्हा नीता साहू आदि शिक्षकों ने बहुत बहुत बधाई दिया।

# हनुमान श्याम मंदिर में फागुन महोत्सव पर भजन संध्या

## सागर व्यास की सुमधुर वाणी से बरसेगी भजन रूपी अमृत धारा, श्री श्याम भरोसे परिवार का भव्य आयोजन

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जी ई रोड स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर में स्थापित खाटू वाले श्याम प्रभु के फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा किए जाने की परम्परा है। यहां श्री श्याम प्रभु के दोनों महोत्सव कार्तिक उत्सव एवं फागुन उत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में फागुन शुक्ल एकादशी को भव्य भजन संध्या आयोजित है। श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु का रंग रंगीला फागुन महोत्सव फागुन



शुक्ल एकादशी के पावन अवसर पर 27 फरवरी शुक्रवार को मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया संवारा गया है, श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया जा रहा है, भजन के दौरान फूलों, इत्र, केसर, गुलाब जल की होली खेली जाएगी। अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी जिसमें प्रत्येक दर्शनार्थी को आहुति देने का अवसर प्राप्त होगा। फागुन महोत्सव को भव्यता प्रदान करने हैदराबाद के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक सागर व्यास अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से फागुन के मस्ती भरे सुमधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति से भजन रूपी अमृत धारा प्रवाहित करेंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालु मक्त माता बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि

# कलेक्टर ने ग्राम नवागांव में डोम का किया निरीक्षण

## डोम में रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर आजीविका मूलक गतिविधि संचालित करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम नवागांव में डोम का निरीक्षण किया। उन्होंने डोम में रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर आजीविका मूलक गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिए तथा इसके लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्थान का समुचित उपयोग करते हुए यहां रोजगार संबंधी अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने से स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। उन्होंने डोम के समीप आयुर्वेदिक पौधे लगाने के लिए कहा। कलेक्टर ने पुराने जिला पंचायत भवन के समीप स्थित व्यवसायिक परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने वहां फूड लैब का निर्माण करने तथा राज बिहान के प्रोडक्ट की पैकेजिंग के लिए इस परिसर का उपयोग करने के लिए कहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, जनपद सीईओ श्री मनीष साहू, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से श्री पिनाकी उपस्थित रहे।



# यूनिवर्सिटी टॉपर छग की बेटी डॉ. अपर्णा पटेल हुई गोल्ड मेडल से सम्मानित

**अरविन्द तिवारी**

**देहरादून ( नांदगांव टाइम्स )।** रास बिहारी बोस सुभारती यूनिवर्सिटी एण्ड मेडिकल कॉलेज देहरादून (उत्तराखण्ड) 2025 में यूनिवर्सिटी टॉपर होने पर छत्तीसगढ़ की बेटी डॉ0 अपर्णा पटेल को वाइस चेंसलर डॉक्टर हिमांशु ऐरन द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके माता पिता भी साथ में उपस्थित थे। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजनों और प्रशंसकों में खुशी की लहर है और सभी उन्हें शुभकामनायें देते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि की सफर पर विस्तृत चर्चा करते हुये डॉ0 अपर्णा पटेल ने अरविन्द तिवारी को बताया कि उनका जन्म दिनांक 12 दिसंबर 1997 को रायगढ छग. में हुआ और वे सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले के छोटे से ग्राम धौराभांठा की मूल निवासी हैं। ये श्रीमती सीमा पटेल (सहायक शिक्षक-रायगढ़) एवं सुरेश चन्द्र पटेल (जिला ऑडिटर , पंचायत रायगढ़) की द्वितीय पुत्री हैं जो अपनी दीदी गरिमा पटेल (ब्रिटिश पेट्रोलियम कंपनी पुणे में सेवारत) से तीन वर्ष छोटी हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा प्रज्ञा पब्लिक स्कूल सारंगढ़ में चौथी कक्षा तक हुई और विकास रेसिडेंशियल स्कूल बरगढ़ उड़ीसा से





इन्होंने कक्षा दसवीं तक की शिक्षा अर्जित की। जहॉ अन्य गतिविधियों में भी अपनी रूचि के कारण विद्यालयीन योग गुरूओं के मार्गदर्शन में योगा कार्यकम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन की। इसी दौरान झारसुगड़ा में इन्हें बाबा रामदेव के साथ में योगा का प्रदर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शानदार प्रदर्शन से इन्हें शालेय स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया। इसके अलावा पढ़ाई में अव्वल आने के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यकमों में भी इनकी सक्रिय भूमिका रहती थी। बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मेडिकल फिल्ड में एडमिशन की तैयारी के साथ-साथ इनकी बीएससी. (जीव विज्ञान) की शिक्षा डॉ. सी.वी.रमन वि.वि. बिलासपुर से पूर्ण हुई। एमबीबीएस. एडमिशन टेस्ट में अपेक्षित परिणाम नही आने से डेंटिस्ट , आयुर्वेदा , होमियोपैथी में एडमिशन मिलने के कारण एमबीबीएस. में सीट नही मिलने से निराश ना होकर नई राह चुनते हुये इन्होंने स्कूलिंग टाईम के अभिरूचि वाले विषय योगा में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का निर्णय लिया। किन्तु छत्तीसगढ़ में बी.एन.वाय.एस. (बैचलर इन नेचुरोपैथी एण्ड योगिक साईस) में प्रवेश का समय निकल जाने के कारण एक वर्ष और इंतजार करने के बजाए रास बिहारी बोस सुभारती यूनिवर्सिटी एण्ड मेडिकल कॉलेज देहरादून (उत्तराखण्ड) में प्रवेश लिया। जहॉ प्रारंभ से ही लगन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुये कोर्स सफलता पूर्वक पूर्ण करने के बाद छह माह एलोपैथी हास्पीटल देहरादून , तीन माह नैचूरोपैथी हास्पीटल अहमदाबाद एवं तीन माह एन.आई.एन. पूणे में रोटेटरी इंटर्नशीप (एक वर्ष) के साथ कुल पांच वर्ष छह माह का चिकित्सकीय कोर्स पूर्ण की। क्लास नर्सरी से डॉक्टर बनने तक सभी कक्षाओं में इन्होंने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इनके द्वारा बी.एन.वाय.एस (नैचरोपैथी एवं योग चिकित्सक) का कोर्स रास बिहारी बोस सुभारती यूनिवर्सिटी एण्ड मेडिकल कॉलेज देहरादून (उत्तराखण्ड) से 2025 में यूनिवर्सिटी टॉपर होने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। बताते चलें कि डॉ0 अपर्णा पटेल वर्तमान में रूद्राक्ष वेलनेस (नैचुरोपैथी सेंटर) जामगांव , रायगढ़ (डीपीएस.स्कूल के सामने) में योगा एवं नैचुरोपैथी चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं।

## 27 फरवरी को लॉन्च होगा MyMockMate.com - छात्रों के लिए स्मार्ट मॉक टेस्ट प्लेटफार्म

**रायपुर / लखनऊ ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। 27 फरवरी को देशभर के विद्यार्थियों के लिए नया ऑनलाइन मॉक टेस्ट प्लेटफॉर्म MockMate.com आधिकारिक रूप से लॉन्च किया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म विशेष रूप से CET, JEE और NEET जैसे परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अंग्रेज़ी माध्यम के छात्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। MockMate का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव देना है, ताकि वे समय प्रबंधन, प्रश्नों के पैटर्न और अपनी तैयारी का सही आकलन कर सकें। प्लेटफॉर्म पर अध्यायवार टेस्ट, फुल-लेंथ मॉक टेस्ट और तुरंत रिज़ल्ट विश्लेषण जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। क्या होगा खास ?वास्तविक परीक्षा पैटर्न पर आधारित प्रश्नपत्र, तुरंत परिणाम और परफॉर्मेंस एनालिसिस, कमजोर विषयों की पहचान की सुविधा , रिवॉर्ड पॉइंट सिस्टम - टेस्ट खरीद पर डिस्काउंट का लाभ, मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों पर आसान एक्सेस, संस्थापक के अनुसार, हमारा लक्ष्य छात्रों को सिर्फटेस्ट देना नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और स्कोर में वास्तविक सुधार लाना है। आने वाले समय में हम इसे भारत के प्रमुख शिक्षा केंद्रों तक विस्तार देंगे। , शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल टेस्ट प्लेटफॉर्म आज के समय में छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक हो गए हैं, क्योंकि ये उन्हें प्रतियोगी माहौल में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करते हैं। **लॉन्च ऑफर** - लॉन्च के अवसर पर छात्रों के लिए विशेष फ्री मॉक टेस्ट और आकर्षक ऑफर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक छात्र 27 फरवरी से वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## डॉक्टर .सिद्धांत गोस्वामी प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक बने

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संयोजक डॉक्टर देवेंद्र कश्यप ,सांसद संतोष पांडे ,पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव ,भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक पद पर राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव क्षेत्र के सरल सहज एवं सेवाभावी चिकित्सक डॉक्टर सिद्धांत गोस्वामी की नियुक्ति की गई है। लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी निशुल्क चिकित्सा सेवा से जुड़े ऊर्जावान डॉक्टर सिद्धांत गोस्वामी के मनो नयन पर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने विशेष आशीर्वाद प्रदान कर निरंतर चिकित्सा सेवा में समर्पित रहने हेतु प्रेरित किया एवं जिले के वरिष्ठ प्रबुद्ध जनों और भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



## पीएमश्री सेजेस के नन्हे सितारे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समग्र शिक्षा स्कूल शिक्षा विभाग जिला राजनांदगांव द्वारा विनोबा एप्स पर आयोजित नन्हे सितारे कार्यक्रम में संस्था पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगांव के प्राथमिक विभाग के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन के द्वारा उत्कृष्ट स्थान को प्राप्त किया. इसके तहत स्पोकन इंग्लिश कंपटीशन में कक्षा 1 से 3 वर्ग में कु. निष्ठा उके तथा कक्षा 4 से 5 वर्ग में क्रमश: कु. तमन्ना साहू ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया. वही याहवी मेश्राम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था व डोंगरगांव का नाम रोशन किया है. छात्रों की उपलब्धि में शिक्षिका मेघा रामटेके का उल्लेखनीय योगदान रहा. संस्था प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




## राजनांदगांव को स्टेडियमों को 15 करोड़ रमन सिंह ने दिलाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्याम बाबा की निशान यात्रा विगत दिनों वर्ष 2026- 27 के लिए पेश किए गए बजट में राजनांदगांव के लाडले विधायक डॉ रमन सिंहजी के आशीर्वाद से दिग्विजय स्टेडियम एवं हॉकी स्टेडियम दोनों के लिए ही लगभग 15 करोड़ रुपए स्वीकृत होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है । दिग्विजय स्टेडियम समिति के नवनियुक्त सहसचिव योगेश बागड़ी ने डॉ रमन सिंह जी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें राजनांदगांव विधानसभा के प्रत्येक खेल प्रेमी जनता की तरफ से धन्यवाद भी ज्ञापित किया है । राजनांदगांव के चहुंमुखी विकास में हमेशा की तरह कोई भी कमी ना रहे इसका विशेष ध्यान जो आपने रखा है उसके लिए राजनांदगांव विधानसभा की जनता कृतज्ञ है । अब हॉकी स्टेडियम में बहुत ही जल्द नया एस्ट्रोटर्फ तो लगेगा ही वहीं फ्लड लाइट भी लगने से रात्रिकालीन प्रतियोगिता भी हो सकेगी । हाकी के लिए इस वर्ष बड़ी प्रतियोगिता अथवा कोई बड़ा आयोजन शहर की खेल प्रेमी जनता के सामने अवश्यंभावी है। दिग्विजय स्टेडियम में भी इनडोर बैडमिंटन सहित विद्युतीकरण एवं अन्य संसाधनों हेतु राशि स्वीकृत होने से इस वर्ष बड़े आयोजन होने की पूर्ण संभावना है।



## स्कूली बच्चों के दुपहिया वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दू युवा मंच जिला इकाई ने आज जनदर्शन में स्कूली छात्र छात्राओं के दुपहिया वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। स्कूली छात्र छात्राओं को दुपहिया वाहन चलाते देखे जाने पर, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन को पहले समझाईश देने और प्रतिबंध का उल्लंघन होने की स्थिति में अभिभावकों और स्कूल प्रशासन पर भी कार्यवाही करने की मांग की है। उक्तशय की जानकारी देते हुए हिन्दू युवा मंच के जिला अध्यक्ष सुरेश लोहमार और शहर अध्यक्ष राजा ताम्रकार ने संयुक्त रूप से बताया कि, स्कूली छात्र छात्राओं को दुपहिया वाहन चलाते देखना, उन्हें घर से स्कूल तक और स्कूल से वापस घर जाते देखना यह बात आम हो गई है और इसकी स्थाई रोकथाम के लिए जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन की तरफ से अब तक कोई प्रयास भी नहीं किए गए हैं।



**शुभांक**

**8-9-0**

**146-1 223-7**

**भाग्यांक**

**168-5 580-3**

# विधायक भोलाराम साहू के अथक प्रयासों से खुज्जी विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा क्षेत्र 77 खुज्जी के विधायक माननीय भोलाराम साहू जी के सतत प्रयासों से बजट वर्ष 2026-27 में क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये के निर्माण एवं विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, जलाशय जीर्णोद्धार एवं बैराज परियोजनाओं सहित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के लिए व्यापक राशि स्वीकृत होने से क्षेत्र में विकास की नई गति आने की उम्मीद है।

**शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात**

पाण्डुका, बैरागीभेड़ी, सिगरायटोला, मांझीटोला एवं नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भवन निर्माण हेतु लगभग 11.48 लाख रुपये प्रति भवन स्वीकृत किए गए हैं। वहीं भड़सेना में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के हायरसेकेंडरी भवन निर्माण हेतु 121.16 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

**सड़क एवं पुल निर्माण से बेहतर होगा आवागमन**

क्षेत्र में दर्जनों सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य स्वीकृत हुए हैं। प्रमुख रूप से—

गुण्डरदेही-उमरवाही-मटिया-करमरी मार्ग (26.50 किमी) हेतु 1040 लाख रुपये

गैदाटोला-छुरिया-खोभा मार्ग (21 किमी) हेतु 1400 लाख रुपये

अरसीटोला से गैदाटोला मार्ग (16 किमी) हेतु 673.55 लाख रुपये

कौड़ूटोला-सोनसायटोला-केकतीटोला-भर्रीटोला मार्ग (9 किमी) हेतु 730 लाख रुपये

इसके अतिरिक्त अनेक ग्रामों में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें मगरधोखरा-झिथराटोला (585 लाख), साल्हे-चांदो शिवनाथ नदी पर पुल (840 लाख), कुसुमकसा मार्ग (294 लाख) सहित कई अन्य पुल शामिल हैं। इन कार्यों से ग्रामीण अंचलों में वर्षभर सुगम आवागमन संभव होगा।



सिंचाई एवं जल संसाधन परियोजनाओं को बढ़ावा

कृषि प्रधान क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है—घुमरियानाला बैराज सूक्ष्म सिंचाई योजना हेतु 3 करोड़ रुपये बहोरनभेड़ी एनीकट योजना हेतु 796.36 लाख रुपये चोरहाबंजारी एनीकट हेतु 176.54 लाख रुपये विभिन्न जलाशयों जैसे घोटिया, कोलियारी, आयबांधा, पिनकापार आदि के जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य स्वीकृत

**मोंगरा बैराज परियोजना को बड़ी सौगात**

मोंगरा बैराज परियोजना अंतर्गत बायीं एवं दायीं तट नहरों के निर्माण, सीसी लाइनिंग, टनल मरम्मत, शाखा नहर निर्माण, जल संवर्धन, निरीक्षण गृह निर्माण एवं गेट मरम्मत सहित अनेक कार्यों के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**क्षेत्रवासियों में हर्ष**

इन व्यापक विकास कार्यों की स्वीकृति से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। ग्रामीणों ने विधायक भोलाराम साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। सड़क, शिक्षा और सिंचाई के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना उनकी प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी।

# आईटीबीपी के जवानों के लिए तनावमुक्त जीवन जीने की कला पर कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बल्देव बाग स्थित इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवानों के लिए ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव द्वारा च्तनावमुक्त जीवन जीने की कलाज्ज् विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा उनके दैनिक जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने राजयोग के माध्यम से तनावमुक्त जीवन जीने के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर उन जवानों के लिए जो देश की सुरक्षा में निरंतर तत्पर रहते हैं। राजयोग ध्यान के अभ्यास से मन को शांति, स्थिरता और आत्मबल प्राप्त होता है, जिससे विपरीत परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान, सकारात्मक सोच और आत्मचिंतन से व्यक्ति न केवल तनाव से मुक्त रह सकता है, बल्कि अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन भी कर सकता है। कार्यशाला के दौरान जवानों को राजयोग मेडिटेशन का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया । इसके पूर्व ब्रह्माकुमार झालम भाई ने तनावमुक्त रहने के लिए जवान भाइयों को बताया कि वे सदा वर्तमान में रहे न बीते बातों का व्यर्थ चिंतन करे न भविष्य की चिंता । दूसरा सदा ये सोचे कि मेरे साथ जो होगा अच्छा ही होगा । कभी अपनी तुलना दूसरों से न करे क्षमा करे और क्षमा मांग ले इससे हम सदा तनावमुक्त रह सकते है । आई टी बी पी के उप महानिरीक्षक महोदय श्री अनवर इलाही के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक सेनानी तनाव परामर्श दाता श्री विजय कुमार ने जवानों को कार्यक्षेत्र में तनावमुक्त रहने के लिए वक्ताओं के द्वारा बताई गई बातों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया और आशा व्यक्त कि इस प्रकार का सत्र जवानों के मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा कार्यक्रम के अन्त में वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया।



## आमगांव में शॉर्ट सर्किट से टेंट हाउस के सामान जलकर राख

**5 लाख से अधिक नुकसान हुआ**

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम आमगांव में 26 फरवरी को रात्रि 7 बजे शॉर्ट सर्किट से घर में रखे टेंट हाउस के पूरा सामान जलकर राख हो गया, टेंट हाउस के मालिक तोरण साहू पिता नाथू राम साहू ने बताया है कि अचानक बिजली लाइन से शार्ट सर्किट करेंट से तेज गति से आग की चिंगारी फैलते हुए घर में रखे टेंट हाउस के 5 लाख से अधिक डीजे साउंड और गद्दा समियाना तथा कीमती सामान जलकर राख हो गया है तोरण साहू ने तत्काल फायर ब्रिगेड राजनांदगांव बुलाया जिससे फायर ब्रिगेड ने 2 घंटा तक ग्रामवासियों के सहयोग से आग पर रात्रि 9 बजे के बाद काबू पाया, आग से तोरण साहू को लगभग 5 लाख से अधिक सती हुई है।




## निषाद समाज आसरा का वार्षिक बैठक 6 मार्च को

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निषाद समाज आसरा का वार्षिक बैठक 6 मार्च 2026 को छत्तीसगढ़ निषाद समाज आसरा परिक्षेत्र का वार्षिक बैठक एवं होली मिलन समारोह सुबह 9 बजे निषाद समाज भवन आसरा में रखा गया है कोई वार्षिक आय व्यय एवं सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जायेगा । आसरा परिक्षेत्र अध्यक्ष पृथ्वीराम निषाद, उपाध्यक्ष किशन लाल निषाद, कोषाध्यक्ष बंशत निषाद, सचिव शिवकुमार भक्ता, सहसचिव नंदकिशोर निषाद, संरक्षण बिशाल राम निषाद, सलाहकार अवधराम निषाद सहित निषाद समाज आसरा परिक्षेत्र के सभी निषाद बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति प्रदान कर सामाजिक होली मिलन समारोह एवं बैठक को सफल बनाने सहयोग प्रदान करने अपील की है ।

# डोंगरगढ़ पहुँचे दिग्विजय सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी ने किया आत्मीय स्वागत

**( नांदगांव टाइम्स )।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के डोंगरगढ़ आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव द्वारा उनका आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया। रायपुर से आगमन के पश्चात उन्होंने डोंगरगढ़ में रात्रि विश्राम किया। प्रात: विश्रामगृह पहुँचकर जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं फूलमालाओं से उनका भव्य अभिनंदन किया। स्वागत उपरांत जिलाध्यक्ष ने जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों—जिला महामंत्री राहुल तिवारी, पंकज बाँधव तथा जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान—का परिचय कराया। दिग्विजय सिंह ने सभी को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने और बूथ स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने का संदेश दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी की गतिविधियों, संगठनात्मक विस्तार एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से उन्हें अवगत कराया। तत्पश्चात दिग्विजय सिंह, विपिन यादव एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सीढ़ियों से पैदल चढ़कर माँ बमलेश्वरी मंदिर पहुँचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने जैन तीर्थ स्थल में भी दर्शन किए। इस दौरान शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार भी उपस्थित रहे। डोंगरगढ़ में उनके आगमन के दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल गट्टानी, महामंत्री चुम्मन साहू, जिलाध्यक्ष पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, रामजी तराने, रतन यादव, पियूष दुबे, अमित अग्रवाल, प्रदीप पटेल, मतीन खान, अकील कुरेशी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में अविभाजित मध्यप्रदेश की राजनीति में लंबे समय तक साथ कार्य किए अपने साथी प्रकाश यादव जी को स्मरण करते हुए दिग्विजय सिंह ने मोबाइल के माध्यम से आत्मीय चर्चा कर उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष विपिन यादव डोंगरगढ़ से चिचोला तक उनके साथ रहे और उन्हें आगे की यात्रा के लिए ससम्मान रवाना किया।




# आखिल भारतीय कबीर संत सम्मेलन व फाल्गुन महोत्सव 28 से

### तीन दिवसीय कबीर संत सम्मेलन में चौका आरती , सात्विक महायज्ञ और भंडारा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव खुज्जी के समीप ग्राम कबीरमठ धाम नादिया में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट एवं समस्त ग्रामवासी नादिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का इस वर्ष 202 वां कार्यक्रम 'अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन' 28 फ़रवरी एवं 1और 2 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कबीरमठ धाम नादिया के धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब ने बताया है कि तीन दिवसीय अखिल भारतीय कबीर संत सम्मेलन की तैयारी पूरी हो चुकी है इस कबीर संत सम्मेलन में प्रदेश के अलावा देशभर के संतों का आगमन होगा, इनके अलावा स्थानीय विधायक, सांसद और प्रदेश के अनेक मंत्रियों का आगमन होगा , अखिल भारतीय कबीर संत सम्मेलन को लेकर एक सप्ताह पहले ही श्रेत्र के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कबीर सत्संग से जुड़े धर्मप्रेमी भक्तजनों से चर्चा कर बैठक हो चुकी हैं कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता वक्ता के रूप में साध्वी सुमेधा साहेब देवरी मध्यप्रदेश, संत डॉ हरीश साहेब पटना विश्वविद्यालय बिहार, संत डॉ. भागीरथी साहेब कबीर चौरा वाराणसी उत्तरप्रदेश, संत रतनस्वरूप साहेब पुर्णिया बिहार एवं महंत लेखचंद साहेब मुरमुंदा छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य संतों का आगमन होगा,

कबीरमठ नादिया ट्रस्ट के सचिव गिरवर साहेब ने बताया है कि आद्याचार्य सदगुरु सेवा साहेब ने दानवीर मंगतू ठाकुर के सहयोग से कबीर मठ नादिया आश्रम की स्थापना 1826 में किये थे। इस वर्ष मठ अपना 200 से अधिक वर्ष पूर्ण कर रहा है। अपने गौरवपूर्ण एवं समृद्ध इतिहास के साथ यह कबीरमठ देश एवं विदेश में अपना एक विशेष पहचान के साथ अपना एक अलग स्थान बनाया है ,कई साधू संतों का पुण्य प्रताप का साक्षी यह आश्रम रहा है। कबीर मठ के वर्तमान पीठाधीश्वर एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष नादवंशाचार्य मंगल साहेब ने श्रेत्र के कबीर से जुड़े श्रद्धालुओं धर्मप्रेमी भक्तजनों और ग्रामीणों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सत्संग लाभ लेने की अपील किया है।



**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-**
गण्डई (छ0ग0)

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.-202602291500010
शीर्ष-अ-6 वर्ष 2025-26
क्रमांक/1087/ वा. नजूल / 2026
खैरागढ़, दिनांक 20/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीश सिंगी पिता स्व. रमेश सिंगी निवासी वार्ड क्रमांक-08 तुरकारीपारा खैरागढ़ जिला-के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला ईतवारीबाजार ब्लॉक नं-08 में स्थित भूखण्ड कमांक-379/3 क्षेत्रफल 1575 वर्गफूट भू-धारिका बिमला बाई पति रूपचंद सिंगी के नाम पर दर्ज है। भू-धारिका बिमला बाई पति रूपचंद सिंगी की मृत्यु दिनांक 25.01.2008 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर आवेदक / वैधवारिसान के नाम पर दर्ज किए जाने संबंधी नामांरतण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति /आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

# बाल चौपाल में बच्चों ने बेझिझक बोली अपने मन की बात

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जब बच्चे बोलते हैं, तो बदलाव की शुरुआत होती है इसी सोच के साथ राजनांदगांव जिले के जंगलपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में विगत दिनों राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। बाल चौपाल के दौरान बच्चों ने खुलकर अपने विचार रखे और बेझिझक विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे। कार्यक्रम में बच्चों ने खास तौर पर नशे के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाए, इस विषय पर अपनी चिंता और जिज्ञासा व्यक्त की। साथ ही विद्यालय और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को भी छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के सामने रखा। डॉ. शर्मा ने बच्चों की बातों को गंभीरता से सुना और उपस्थित अधिकारियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस पहल के माध्यम से बाल सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया, ताकि बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ आत्मविश्वास से अपनी बात रख सकें। डॉ. वर्णिका शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित यह संवाद आधारित कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वे बच्चों के सर्वांगीण विकास और संरक्षण के लिए लगातार ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों को प्रोत्साहित कर रही हैं। आयोजन में उपस्थित शहर की प्रथम महिला नागरिक श्रीमती करुणा मधुसूदन यादव ने पालकों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को जो सबसे अच्छी विरासत दे सकते हैं, वह है, अपने हरदिन की व्यस्ततम दिनचर्या में से फुर्सत के कुछ पल, जो बच्चों के लिये जीवन भर यादगार रहते हैं। उन्होंने आयोग की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी सिद्धि मिरानी ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। आयोजन में ग्राम जंगलपुर के स्थानीय समाजसेवी, नेतागण एवं ग्रामवासी केजादास साहू, जानीवाकर साहू, लक्ष्मण साहू, चन्दूलाल साहू, संतोष चौबे, लोमनदास साहू, ताम्रध्वज साहू, विनोद साहू, दीपिका साहू, सूर्यकांत साहू, तांकाराम साहू एवं अन्य उपस्थित रहे। बाल चौपाल का मुख्य उद्देश्य बच्चों की झिझक और संकोच को दूर कर उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बना सकें।



# खुशहाली की खुशहोली, किसानों को मिलेगी धान की एकमुश्त अंतर राशि

**पदमराज सिंह ठाकुर**


**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** होली का त्योहार इस बार जिले के किसानों के लिए सिर्फरंगों की नहीं, बल्कि समृद्धि और खुशहाली की सौगात लेकर आया है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि होली से पहले एकमुश्त देने के निर्णय ने गांव-गांव में उत्साह का माहौल बना दिया है। यह राशि किसानों के जीवन में आर्थिक राहत के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा रही है। ग्राम खिरशाली के किसान मूलचंदन पाटिल के लिए यह निर्णय किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने इस वर्ष धान खरीदी केंद्र में 31.20 क्विंटल धान बेचा था, जिसकी समर्थन मूल्य की राशि उन्हें समय पर बैंक खाते में मिल गई। अब अंतर राशि भी होली से पहले मिलने की खबर से उनके परिवार में खुशियों की लहर दौड़ गई है।पाटिल बताते हैं कि इस बार खरीदी केंद्र में पूरी प्रक्रिया सहज और व्यवस्थित रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। वे कहते हैं कि इस राशि से वे अपने बच्चों के लिए नए कपड़े, घर की आवश्यक सामग्री और त्योहार के लिए रंग-गुलाल खरीद सकेंगे। ग्राम छांटा के किसान भोलाराम चंद्रवंशी ने बताया कि 5.57 एकड़ में धान तथा शेष भूमि में गन्ने की खेती करते हैं। इस सीजन उन्होंने 84.40 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा। वे बताते हैं कि समय पर भुगतान मिलने से उन्हें आर्थिक चिंता नहीं रही और अब होली से पहले अंतर राशि मिलने से घर की आवश्यक जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ खेती के कामों में भी सुविधा होगी। उनका कहना है कि त्योहार के समय यह राशि मिलना परिवार के लिए बहुत बड़ी राहत है। इसी तरह ग्राम मोटियारी के किसान श्री मेलनराम जायसवाल ने भी सरकार के इस निर्णय पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस वर्ष लगभग 212 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा है। मूल भुगतान उन्हें पहले ही मिल चुका है, लेकिन अंतर राशि होली से पहले मिलने की घोषणा ने उनकी आर्थिक योजनाओं को नया बल दिया है। उनका कहना है कि होली के बाद खेती का नया सीजन शुरू हो जाता है, ऐसे में यह राशि पारिवारिक जरूरतों के साथ-साथ खेती-किसानी के कार्यों में बहुत उपयोगी साबित होगी। वे इस राशि से ट्रैक्टर ट्रॉली खरीदने की योजना बना रहे हैं, जिससे खेती का काम आसान होगा और आय के नए अवसर भी बढ़ेंगे।



## ज्ञान मंथन

*1) किसने लाहौर के शालीमार बाग को पूर्ण किया था?*
*2) किस राज्य सरकार को शासन आपल्या दारी पहल के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार मिला?*
*3) समाचारों में देखी गई पेरिंगम्मला पंचायत किस राज्य में स्थित है?*
*4) जूपिटर मनी को प्रीपेड वॉलेट बिजनेस शुरू करने के लिए किससे मंजूरी मिली है?*
*5) आई हैव द स्ट्रीट्स: ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी किसकी आत्मकथा का नाम है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) शाहजहाँ (2) महाराष्ट्र (3) केरल (4) भारतीय रिजर्व बैंक (5) रविचंद्रन आश्विन

## स्टार्ट अप उद्यमिता कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स ) ( नांदगांव टाइम्स )।** आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा और शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महराजपुर में स्टार्ट अप उद्यमिता कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को स्टार्टअप एवं शासन के विभिन्न संचालित योजनाओ की जानकारी व बैंकों द्वारा वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। स्टार्टअप उद्यमिता कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 80 विद्यार्थी उपस्थित हुए।

## होली के दिन 04 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने होली (जिस दिन रंग खेला जाये) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। 04 मार्च को कबीरधाम जिले की सभी प्रकार की मदिरा दुकाने अर्थात् देशी, विदेशी मंदिरा, कम्पोजिट मदिरा की दुकाने एफएल. 3 (ग) पर्यटन बार, मद्य भण्डारण तथ मदिरा दुकानों के संलग्न आहतों को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया है और शुष्क दिवस पर मदिरा का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन नहीं हो सुनिश्चित किया जायें।

## गुरु घासीदास बाबा जी के जन्म स्थली गिरौधपुरी में झंडा रोहन पर पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिन मंगलवार को हमारे सैट काम में परम पूजनीय संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के जन्म स्थली गिरौधपुरी में झंडा रोहन के उपलक्ष में हमारे स्थानीय ग्राम स्टेशन पारा सतनामी समाज राजनांदगांव में भी एक पूजा अर्चना और पुलाव वितरण महिलाओं और युवाओं द्वारा किया गया जिसमें सभी समाज के लोग प्रसाद ग्रहण कर बाबा जी का आशीर्वाद प्रदान किया जिसकी जानकारी हमारे युवा प्रकोष्ठ के सभी पद अधिकारी ने दिया जिससे समाज में एक नई सोच ओर बाबा जी के उपदेशों को समझने हेतु यहां नेक कार्य किया गया । जिसमें सभी युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया अध्यक्ष रोहित मंडले उपाध्यक्ष शंकर बंजारे सचिव रितेश बंजारे सह सचिव शुभम सोनवानी कोषाध्यक्ष आशीष मंडले प्रमुख सदस्य कार्यकर्ता मनीष बंजारे सलाहकार मन्नू मंडले जी भंडारी इंदल मंडले झाड़ीदार केरा बाई जी एवं समाज समाज उपस्थित रहे ।

# अवैध शराब भट्ठी को हटाने छन्नी साहू के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों का विरोध



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गैंदाटोला के क्षेत्रवासियों ने 20 दिनों पूर्व गैंदाटोला-नुन्हाटोला मार्ग में संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए डोंगरगांव अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी को अनुरोधपत्र सौंपे थे ,उक्त पत्र में यह भी कहा गया था कि अगर निर्धारित समयसीमा मे शराब दुकान को नही हटाने पर शराब दुकान को घेराव करने की चेतावनी क्षेत्रवासियों द्वारा दी गई थी,तय समयसीमा पर उच्च अधिकारियों द्वारा इस विषय पर कोई भी कार्यवाही नही की गई जिसको देखते हुए गैंदाटोला, नुन्हाटोला,खोराटोला,कोलिहालमती,जोशीलमती, लुलीकसा, फफमार सहित अनेक ग्रामवासियों ने हजारों की संख्या में आज पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में शराब दुकान को हटाने के लिए शराब दुकान का घेराव कर दिया।

**ग्रामीण ने जमीन को चारागाह के लिए दिया था दान, बना दिया शराब दुकान।**

जिस जमीन पर शराब दुकान का संचालन हो रहा है उस जमीन को गैंदाटोला के ही पुरषोत्तम कंवर व रामसेवक कंवर ने पशुओं के चारागाह के लिए दान में दी थी किन्तु प्रशासन ने बिना ग्रामीणों की सहमति व बिना ग्रामसभा के निर्णय लिए उक्त भूमि को शराब दुकान के लिए दे दी,जो कि शासकीय प्रक्रिया के पालन न होने के कारण विवाद का विषय बन गया है।

**जनहित को ध्यान न रख सरकार द्वारा अपने स्वार्थ के लिए अवैध दुकान का संचालन- छन्नी साहू**

उक्त आंदोलन का नेतृत्व करते हुए क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा है कि शासन पूरे नियमो को ताक में रखकर अवैध रूप से गैंदाटोला शराब दुकान का संचालन कर रही है न ही ग्रामीणों से सहमति ली गई न ही उक्त जमीन में शराब दुकान के संचालन हेतु ग्रामसभा में अनुमोदन किया गया है,इस क्षेत्र की महिलाएं,छात्र-छात्राओं व गणमान्य नागरिक पर इस शराब दुकान का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है,नुन्हाटोला मार्ग से गुजरने वाले छोटे-छोटे बच्चे शराबियों व अन्य असामाजिक तत्वों से परेशान है,इस शराब दुकान के पास से गुजरने वाले नाले में नुन्हाटोला के ग्रामीण निस्तारी करते है लेकिन शराबियों द्वारा इस नाले में पानी पाउच,डिस्पोजल, शीशियों को नाले में बहा दिया जाता है जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस अवैध रूप से संचालित शराब दुकान को यहां से नही हटाने हेतु प्रशासन द्वारा सकारात्मक जवाब नही दिया जाएगा तब तक हम यहां से हटने वाले नही है।

**ग्रामीणों ने 5 बजे तक का दिया अल्टीमेटम, अन्यथा विभाग के खिलाफकराएंगे FIR**

इस आंदोलन उपस्थित क्षेत्र की महिलाओं अपनी व्यथा बताते हुए कहा है कि हमें इस रास्ते पर गुजरने के लिए हजार बार सोचना पड़ता है,पहले हमारे गांव में आने के लिए पहुंच मार्ग नही था किंतु पूर्व सरकार में पूर्व विधायक छन्नी साहू द्वारा हमारे गांव में पहुंच मार्ग का निर्माण कराया गया था,लेकिन इस मार्ग पर अब शराब भट्ठी खोलकर हमारे व हमारे बच्चों के जीवन को नरक के समान कर दिया ,आये दिन शराबियो द्वारा रास्ते मे गाली गलौच,मारपीट के साथ-साथ छोटी-छोटी बच्चियों के साथ छेड़खानी भी करते है जिससे हम बहुत परेशान हो चुके है अगर प्रशासन 5 बजे पहले इस अवैध रूप संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए सकारात्मक निर्णय नही लेते है तो इसके बाद आबकारी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ थाने में स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराएंगे।



# जिला पंचायत साधारण सभा बैठक में विकास कार्यों की गहन समीक्षा, जनहित योजनाओं को गति देने पर जोर

### अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे – जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत राजनांदगांव की साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आज राजनांदगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के समग्र विकास, विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों की स्थिति तथा जनसमस्याओं के निराकरण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ।बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में लिए गए निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए।

इसके पश्चात ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (क्र.श्व.स्र.) विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों, अधोसंरचना विकास, सड़क एवं भवन निर्माण, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष ने कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए ।वन विभाग के अंतर्गत वृक्षारोपण, वन संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता एवं ग्रामीण आजीविका से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। वहीं जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई योजनाओं, जल संरक्षण संरचनाओं एवं जल प्रबंधन से जुड़े कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। किसानों को सिंचाई सुविधा बेहतर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया ।खनिज विभाग से संबंधित गतिविधियों, राजस्व प्राप्ति, खनन नियमों के पालन तथा




क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए राजस्व वृद्धि एवं जनहित दोनों को प्राथमिकता दी जाए ।बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं जैसे पोषण अभियान, आंगनबाड़ी सेवाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कुपोषण मुक्ति के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए गए ।इसी प्रकार खाद्य विभाग के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (क्क्षष्ठस्) की स्थिति, पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण, पारदर्शिता एवं शिकायतों के निराकरण पर विशेष चर्चा हुई। अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सभापति व जनपद अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि द्वारा ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिनमें सड़क, भवन, पेयजल, सिंचाई, सामाजिक योजनाओं का लाभ एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने सभी अधिकारियों को हर बैठक में उपस्थित रहने व शाशन की योजनाओ का लाभ हर पात्र हितग्राहियों को मिल सके जिसके लिए इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अंत में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर जिले के विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया गया ।बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति श्री प्रशांत कोडापे, श्री गोपाल भुआर्य,श्रीमती किरण बारले, श्रीमती देवकुमारी साहू, श्रीमती बिरम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता सिन्हा, श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकार, श्रीमती रंजीत पडौती, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह, देवेंद्र कौशिक उप संचालक,विजय साहू समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जननायक पण्डित श्यामाचरण शुक्ल की जयन्ती 27 को

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक पण्डित श्यामाचरण शुक्ल की जयन्ती दिनांक 27 फ़रवरी 2026 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर के जी ई मार्ग में गौरवपथ फेस -1 में स्वर्ण जयन्ती तिराहा और गाँधी उद्यान के सामने स्थित पण्डित श्यामा चरण शुक्ल के प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक पण्डित श्यामाचरण शुक्ल से सम्बंधित उनके प्रतिमा स्थल में नियत दिवस को प्रतिमा स्थल के प्रांगण का संधारण और प्रतिमा स्थल प्रांगण सहित उसके आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई, प्रतिमा स्थल की पुष्पसज्जा सहित आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर पालिक निगम के सम्बंधित जोन क्रमांक 3 के सहयोग से की जायेगी।

# अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**राजनांदगांव।** भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव के सभागार में नवप्रवेशित एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग सत्र एवं एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी. एम. लुका ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के एंटी रैगिंग दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है तथा संस्थान में शून्य सहनशीलता की नीति लागू है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, पारस्परिक सम्मान एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेडिकल अधीक्षक डॉ. ए. एम. देशकर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के दौरान नैतिक मूल्यों एवं सेवा भावना को बनाए रखने की प्रेरणा दी। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, अभिविन्यास एवं तनाव प्रबंधन विषय पर परामर्श सत्र का संचालन मनोचिकित्सक डॉ. अनंतप्रकाश सराफद्वारा किया गया। उन्होंने मेडिकल शिक्षा के दौरान उत्पन्न होने वाले तनाव एवं प्रतिस्पर्धा से सकारात्मक रूप से निपटने के उपाय बताए। डॉ. सराफके सत्र के पश्चात वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा नवागंतुक बैच के लिए फ्रेशर्स वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नए विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन शरीर रचना विभाग की सह-प्राध्यापक एवं प्रभारी विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मोनिका प्रधान द्वारा किया गया। आयोजन समिति में उनके साथ डॉ. अनुनीति मैथियस, डॉ. शशांक साहू, डॉ. हर्षा घंटी एवं डॉ. प्रवीण साहू सदस्य के रूप में शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा कुजूर, डॉ. सुरेंदर कौर, डॉ. ताबिश अहमद, डॉ. मंजुलता रावते, डॉ. पुष्पेंद्र नरेटी एवं श्रीमती शिप्रा दास सहित प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## धर्म समाचार....

# भद्रा के मुख में होलिका दहन क्यों माना जाता है विनाशकारी? जानें भद्रा मुख-पूंछ का रहस्य

हिंदू पंचांग के अनुसार, भद्रा को एक विशेष समय माना जाता है जिसे शुभ कार्यों के लिए वर्जित किया गया है। ज्योतिष शास्त्र में भद्रा को एक जीवित स्वरूप माना गया है, जिसके शरीर के अलग-अलग अंगों का प्रभाव अलग होता है। विशेष रूप से होलिका दहन के समय 'भद्रा मुख' और 'भद्रा पूंछ' का विचार करना बहुत आवश्यक होता है। मान्यताओं के अनुसार, भद्रा मुख में किया गया कोई भी शुभ कार्य विनाशकारी परिणाम दे सकता है, जबकि भद्रा पूंछ में कुछ विशेष स्थितियों में कार्य करने की अनुमति दी जाती है। इस सूक्ष्म गणित को समझे बिना किया गया दहन समाज और परिवार के लिए कष्टकारी होने की आशंका बनी रहती है।

**क्या है भद्रा मुख और भद्रा पूंछ?**

ज्योतिष के गणित के अनुसार, जब भद्रा का समय शुरू होता है, तो उसे एक शरीर के रूप में देखा जाता है। इसके शुरुआती हिस्से को 'भद्रा मुख' और आखिरी हिस्से को 'भद्रा पूंछ' कहते हैं। शास्त्रों की मानें तो भद्रा के मुख में अग्नि का वास होता है, इसलिए इस समय होलिका जलाने से चारों ओर दुख और अशांति फैलने की आशंका रहती है।

वहीं, भद्रा की पूंछ को मुख के मुकाबले कम हानिकारक माना जाता है। अगर समय की बहुत कमी हो और पूर्णिमा तिथि जल्दी खत्म हो रही हो,




तो विद्वान भद्रा पूंछ के समय में दहन की अनुमति देते हैं ताकि पूजा का काम सफल हो सके।

**होलिका दहन में इसका महत्व**

होलिका दहन के लिए सबसे आदर्श स्थिति वह होती है जब भद्रा पूरी तरह समाप्त हो चुकी हो। यदि भद्रा लगी हो, तो वह 'भद्रा रहित प्रदोष काल' की प्रतीक्षा करते हैं। भद्रा मुख का प्रभाव इतना उग्र माना गया है कि इस समय किया गया पूजन घर की बरकत को रोक सकता है। 3 मार्च 2026 की स्थिति देखें तो राहत की बात यह है कि शाम के समय भद्रा का कोई प्रभाव नहीं है। भद्रा देर रात 4 मार्च की सुबह 01:25 बजे से शुरू होगी। इसलिए शाम को प्रदोष काल में सहजता के साथ पूजा की जा सकती है, जिससे ग्रहों का शुभ फल मिलने की पूर्ण संकेत है।


**ग्रहों की स्थिति और बचाव के उपाय**

भद्रा काल में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव अधिक होता है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ने की आशंका रहती है। इस समय किसी भी विवाद से बचना चाहिए और केवल मंत्रों का जाप करना चाहिए। यदि कभी ऐसी स्थिति बने कि भद्रा के कारण दहन का समय न मिल रहा हो, तो ज्योतिषियों की मदद से भद्रा पूंछ का समय निकाला जाता है। सही समय पर किया गया दहन न केवल अग्नि देव को प्रसन्न करता है, बल्कि आपके जीवन के सही संचालन में भी सहायक होता है। मेडिटेशन के जरिए इस समय अपनी ऊर्जा को सकारात्मक बनाए रखना सबसे बेहतर उपाय है।

**श्रद्धा और सही मुहूर्त का फल**

शास्त्रों का पालन करना केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित करने का एक तरीका है। भद्रा मुख और पूंछ का ध्यान रखकर जब हम होलिका दहन करते हैं, तो वह अग्नि हमारे जीवन की समस्त बाधाओं को भस्म करने की शक्ति रखती है। इस साल भद्रा रात में होने के कारण शाम का मुहूर्त बहुत ही उत्तम है। महादेव के आशीर्वाद से सही मुहूर्त में किया गया पूजन आपके परिवार में सुख-समृद्धि लाने की संभावना को कई गुना बढ़ा देता है। नियमों का यह पालन ही हमें ईश्वर के और करीब ले जाता है और त्योहार का आनंद बढ़ाता है।

## इन मंत्रों के साथ करें आंवले के पेड़ की पूजा, प्रसन्न होंगे जगत के पालनहार



वैदिक पंचांग के अनुसार, 27 फ़रवरी को आमलकी एकादशी है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित है, जिस पर मंदिरों को सजाया जाता है और पूजा-पाठ, कीर्तन-भजन का आयो ...और पढ़ेंवैदिक पंचांग के अनुसार, शुक्रवार 27 फ़रवरी को आमलकी एकादशी है। यह दिन बेहद खास होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु को समर्पित मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया जाता है। साथ ही पूजा-पाठ, कीर्तन-भजन का आयोजन किया जाता है। वैष्णव समाज के अनुयायी एकादशी तिथि पर भक्ति भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। सनातन शास्त्रों में एकादशी व्रत की महिमा का विस्तारपूर्वक गुणगान किया गया है। भगवान विष्णु की पूजा करने से जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही साधक पर लक्ष्मी नारायण जी की कृपा बरसती है। अगर आप भी जगत के पालनहार भगवान विष्णु को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो आमलकी एकादशी के दिन पूजा के समय भगवान नृसिंह के नामों का जप करें।

**भगवान नृसिंह 108 नाम-** ? नारसिंहाय नमः। ? महासिंहाय नमः। ? दिव्यसिंहाय नमः। ? महाबलाय नमः। ? उग्रसिंहाय नमः। ? महादेवाय नमः। ? स्तम्भजाय नमः। ? उग्रलोचनाय नमः। ? रौद्राय नमः। ? सर्वाद्भुताय नमः। ? श्रीमते नमः। ? योगानन्दाय नमः। ? त्रिविक्रमाय नमः। ? हरये नमः। ? कोलाहलाय नमः। ? चक्रिणे नमः। ? विजयाय नमः। ? जयवर्धनाय नमः। ? पञ्चाननाय नमः। ? परब्रह्मणे नमः। ? अघोराय नमः। ? घोरविक्रमाय नमः। ? ज्वलन्मुखाय नमः। ? ज्वालमालिने नमः। ? महाज्वालाय नमः। ? महाप्रभवे नमः। ? निटिलाक्षाय नमः। ? सहस्राक्षाय नमः। ? दुर्निरीक्ष्याय नमः। ? प्रतापनाय नमः। ? महादंष्ट्रायुधाय नमः। ? प्राज्ञाय नमः। ? चण्डकोपिने नमः। ? सदाशिवाय नमः। ? हिरण्यकशिपुध्वंसिने नमः। ? दैत्यदानवभञ्जनाय नमः। ? गुणभद्राय नमः। ? महाभद्राय नमः। ? बलभद्राय नमः। ? सुभद्रकाय नमः। ? करालाय नमः। ? विकरालाय नमः। ? विकर्त्रे नमः। ? सर्वकर्तृकाय नमः। ? शिंशुमाराय नमः। ? त्रिलोकात्मने नमः। ? ईशाय नमः। ? सर्वेश्वराय नमः। ? विभवे नमः। ? भैरवाडम्बराय नमः। ? दिव्याय नमः। ? अच्युताय नमः। ? कविमाधवाय नमः। ? अधोक्षजाय नमः। ? अक्षराय नमः। ? शर्वाय नमः। ? वनमालिने नमः। ? वरप्रदाय नमः। ? विश्वम्भराय नमः। ? अद्भुताय नमः। ? भव्याय नमः। ? श्रीविष्णवे नमः। ? पुरुषोत्तमाय नमः। ? अनघास्त्राय नमः। ? नखास्त्राय नमः। ? सूर्यज्योतिषे नमः। ? सुरेश्वराय नमः। ? सहस्रबाहवे नमः। ? सर्वज्ञाय नमः। ? सर्वसिद्धिप्रदायकाय नमः। ? वज्रदंष्ट्राय नमः। ? वज्रनखाय नमः। ? महानन्दाय नमः। ? परन्तपाय नमः। ? सर्वयन्त्रैकरूपाय नमः। ? सर्वयन्त्रविदारणाय नमः। ? सर्वतन्त्रात्मकाय नमः। ? अव्यक्ताय नमः। ? सुव्यक्ताय नमः। ? भक्तवत्सलाय नमः। ? वैशाखशुक्लभूतोत्थाय नमः। ? शरणागतवत्सलाय नमः। ? उदारकीर्तये नमः। ? पुण्यात्मने नमः। ? महात्मने नमः। ? चण्डविक्रमाय नमः। ? वेदत्रयप्रपूज्याय नमः। ? भगवते नमः। ? परमेश्वराय नमः। ? श्रीवत्साङ्काय नमः। ? श्रीनिवासाय नमः। ? जगद्व्यापिने नमः। ? जगन्मयाय नमः। ? जगत्पालाय नमः। ? जगन्नाथाय नमः। ? महाकायाय नमः। ? द्विरूपभृते नमः। ? परमात्मने नमः। ? परंज्योतिषे नमः। ? निर्गुणाय नमः। ? नृकेसरिणे नमः। ? परतत्त्वाय नमः। ? परंधाम्ने नमः। ? सच्चिदानन्दविग्रहाय नमः। ? लक्ष्मीनृसिंहाय नमः। ? सर्वात्मने नमः। ? धीराय नमः। ? प्रह्लादपालकाय नमः।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# दिग्विजय महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन

## युवाओं को रोजगार उन्मुखी शिक्षा प्रदान करना सरकार का उद्देश्य है : सांसद संतोष पांडे, मां भारती की सेवा करना युवाओं का लक्ष्य हो : सांसद संतोष पांडे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव का वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण का आयोजन 26 फरवरी को किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि दिग्विजय महाविद्यालय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से सुसज्जित महाविद्यालय है। वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराना संस्था का संकल्प है। छात्र हित में विभिन्न प्रकार के नवाचार महाविद्यालय में प्रारंभ किए गए हैं । कैंपस प्लेसमेंट में महाविद्यालय का पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान है एवं एनआईआरएफ में देश में 45 वां स्थान है। छठवें सेमेस्टर में छात्रों के लिए इंटर्नशिप कोर्स के लिए विभिन्न संस्थाओं से एमओयू किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री संतोष पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं को रोजगार उन्मुखी शिक्षा प्रदान करना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। हर क्रांति के पीछे युवा शक्ति होती है। वह प्रत्येक चुनौतियों का सामना साहस एवं जोश के साथ करती हैं। विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने की जिम्मेदारी हम सबके कंधों पर हैं। मां भारती की सेवा करना युवाओं का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जन भागीदारी समिति, महाविद्यालय में निरंतर छात्र हित में कार्य कर रही है। महाविद्यालय में छात्रों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही उनके प्रत्येक समस्याओं का समाधान करने के लिए जन भागीदारी समिति प्रतिबद्ध है।इस समारोह में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के द्वारा महाविद्यालय में चार कमरों के निर्माण के लिए मांग रखी गई जिसे सांसद महोदय ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया। अतिथियों द्वारा विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 84 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए जया ठाकुर को गोल्ड मेडल दिया गया। इस कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, सहकारी समिति के अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, राजेंद्र गोलछा, रमेश पटेल, चिंटू सोनकर सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. सोनल मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमिता बक्शी ने किया। महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में छात्र - छात्राओं द्वारा हस्तकला एवं पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर दिग्विजय महाविद्यालय के छमाही समाचार पत्र दिग्विजय कैंपस का 20 वां अंक का विमोचन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ के संस्कृति एवं भारतीय लोक कला पर केंद्रित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रो. वंदना मिश्रा, डॉ. भारती सोनी एवं आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनीता शंकर के द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



जया ठाकुर को महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर मिला गोल्ड मेडल

# अब जीएस भाटिया पेट्रोल पंप में फोर व्हीलर गाड़ियों को भी दिया जाता है पेट्रोल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जी.एस.भाटिया पेट्रोल पंप महावीर चौक (पुराना इमाम चौक) में अब फोरव्हीलर गाड़ियों में भी अब पेट्राल दिया जाता है, ताकि स्थानीय नागरिक जो कार वालें है उन्हें पेट्रोल भराने दूर न जाने पड़ा और वह शहर के अंदर शहर में ही पेट्रोल भरा सके। पहले यहां पर जगह की कमी के कारण मोटर सायकल आदि को ही पेट्रोल दिया जाता था, अब फोर व्हीलर की गाड़ियों में पेट्राल देने से लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# निगम अमला ने हटाया अतिक्रमण, पुराना ढाबा में रोड किनारे अवैध निर्माण तोड़

## चौपाटी के सामने से हटाए ठेला खोमचा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण दस्ता आज पुराना ढाबा से अतिक्रमण तोड चौपाटी के सामने से ठेला खोमचा हटाने की कार्यवाही किए। शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण तथा पसरा हटाने एवं ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। हाल के दिनों में गौरव पथ एवं अन्य स्थल पर नये अतिक्रमण की शिकायत नगर निगम में लगातार प्राप्त हो रही है, शिकायत के आधार पर निगम का अमला अतिक्रमण हटाने समझाईस दे रही है। समझाईस उपरांत नही हटाने पर निगम के द्वारा हटाने की कार्यवाही की जावेगी। इसी तारतम्य में निगम का दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में आज पुराना ढाबा में रोड के किनारे दुकान के लिए रैम्प बनाने पर उसे जे.सी.बी. से तोड़ा गया। इसी प्रकार चौपाटी के सामने इंटरलाकिंग कराने अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, उद्यान सह.प्रभारी श्री दिलीप गिरी,समयपाल श्री चिराग मेश्राम एवं प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा एवं अतिक्रमण दस्ता के द्वारा की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जावेगा।



# छत्तीसगढ़ यादव रत्न से सम्मानित हुए विश्वनाथ यादव

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** विगत 33 वर्षों से डोंगरगढ़ में भगवान श्री ऱाधा-कृष्ण मंदिर का स्थापना वर्ष शोभा यात्रा, यादव युवक, युवती



परिचय सम्मेलन आर्दश विवाह के साथ-साथ 50 वर्षों से पूरे छ.ग. कोसरिया यादव समाज में आपसी भाईचारा, सदभावना शिष्टाचार, एकता संगठन समन्वय तालमेल विकास उन्नती, प्रगाति,उत्थान के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा, नीचे माँ बम्लेश्वरी के प्रांगण में 24 फरवरी को, यादव समाज डोंगरगढ़ के गरिमामय आयोजन में, छ.ग. यादव रत्न से सम्मानित किया गया इस गरिमामय आयोजन में सम्मानित करने वालों में प्रमुख रूप से रविद्र यादव,सभांगीय अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज दुर्ग, प्रांतीय कोसरिया यादव समाज रायपुर से श्रीमान किशन यादव, जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव से जिला अध्यक्ष श्रीमान मन्ना लाल यादव,जिला कोसरिया यादव समाज दुर्ग से शंकर यादव,एवं गिरिश यादव,जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव संरक्षक महेश यादव जी,जिला उपाध्यक्ष धन्ना यादव, महामंत्री आनंद यादव, जिला संरक्षक रवि यादव, जिला संरक्षक दिलीप यादव, संगठन प्रभारी भोला यादव, धन्नु यादव,जितेन्द्र यादव,जिला उपाध्यक्ष केशर यादव,जिला संरक्षक मंजू यादव, नगर महिला अध्यक्ष कु.मधु यादव, अंजू यादव, संगीता यादव, शोभा यादव,मीना यादव,संतोषी यादव, राजकुमारी यादव, राधिका यादव के साथ-साथ यादव समाज के पदाधिकारीगण इस आयोजन में उपस्थित थे।

# श्याम बाबा की निशान यात्रा आज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** यह श्याम बाबा की निशान यात्रा महावीर सनसिटी से निकालकर गेट से sun सिटी n3 के गेट में n3 के भक्त प्रेमी जन इस यात्रा का भव्य स्वागत सत्कार करेंगे और इस निशान यात्रा में शामिल होंगे लाल । और ये यात्रा रामदरबार मंदिर के प्रांगण में श्याम दरबार मंदिरपूर्ण होगी । Jha भक्त जनों के लिए फरारी स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है । आइए, हम सब मिलकर बाबा के पावन निशान के साथ भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से यात्रा में शामिल हों और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा जय श्री श्याम यह जानकारी श्याम भक्त श्रीमती कीर्ति जी अग्रवाल और भीखम गांधी ने दी।




प्रिसिशन इंजी वर्क्स

स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट

सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।

पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव

मो. 94060-11669


# छात्रों के मंच का राजनीतिकरण दुर्भाग्यपूर्ण विरोध से पहले नेताओं को घरों से उठाया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए आयोजित इस मंच का उपयोग एक विशेष राजनीतिक दल के प्रचार के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इसे शैक्षणिक वातावरण के विपरीत बताया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव हमेशा से छात्रों की उपलब्धियों और रचनात्मक गतिविधियों का मंच रहा है। छात्रसंघ से जुड़े पूर्व पदाधिकारियों ने दावा किया कि अपने कार्यकाल में उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी छात्रों को समान अवसर और सम्मान दिया। नेताओं के अनुसार, कार्यक्रम के कथित च्भाजपाकरणज्ज् के विरोध में वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी कर रहे थे। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य कार्यक्रम में व्यवधान डालना नहीं, बल्कि छात्रों के मंच को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखना था। इस बीच आरोप है कि विरोध दर्ज कराने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कई नेताओं को पूर्व पार्षद के घर से सभी को हिरासत में ले लिया। इसे कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध करना संविधान प्रदत्त अधिकार है।हिरासत में लिए गए लोगों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी,पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री , एनएसयूआई नेता राजा यादव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ऋषभ निर्मलकर, सागर ताम्रकार, संजय साहू और हनी सहित अन्य साथी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार,प्रदेश सचिव मेहुल मारू,कांग्रेस नेता अमित चंद्रवंशी,ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू,संदीप जायसवाल सहित वीरेंद्र चंद्राकर अन्य पदाधिकारी बसंतपुर थाना पहुंचे और पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की।कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शैक्षणिक संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं रुका, तो वे व्यापक स्तर पर लोकतांत्रिक आंदोलन करेंगे।

# जल जीवन मिशन से ग्राम कन्हारडबरी में हर घर तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

## महिलाओं को विशेष रूप से मिली राहत, समय की बचत से अन्य रोजगारमुखी कार्यों में दे रहे समय



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम कन्हारडबरी में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना ने ग्रामीणों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। ग्राम कन्हारडबरी के बुजुर्ग बताते हैं कि एक समय ऐसा था जब गांव में पानी की समस्या लोगों के दैनिक जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा थी। सुबह की शुरूआत ही पानी की चिंता से होती थी। कई बार हैंडपंप खराब हो जाते थे और कई बार पानी भरने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। विशेष रूप से गर्मी के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम कन्हारडबरी में हर घर जल योजना स्वीकृत होने के बाद ग्रामसभा के माध्यम से ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी गई। इसके पश्चात गांव में पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी निर्माण तथा घर-घर नल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य में ग्रामीणों ने भी सक्रिय सहयोग दिया। योजना के पूर्ण होने के बाद ग्राम कन्हारडबरी के घरों में नल के माध्यम से नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा। अब ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। महिलाओं को विशेष रूप से राहत मिली है और वे अब अपने समय का उपयोग स्व सहायता समूह तथा अन्य उपयोगी कार्यों में कर पा रही हैं। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों के स्वास्थ्य के स्तर में सुधार हुआ है तथा गांव में स्वच्छता की स्थिति भी बेहतर हुई है। आज ग्राम कन्हारडबरी जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन का एक अच्छा उदाहरण बनकर उभरा है। शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता से ग्रामीणों में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है।

# सीनियर नेशनल कराते चैम्पियनशिप के लिये छ.ग. की टीम में राजनांदगॉव के 5 खिलाड़ी चयनित

## नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संस्कारधानी के खिलाड़ी करेंगे अपने कौशल का प्रदर्शन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** न्यू दिल्ली के ताल कटोरा इनडोर स्टेडियम दिनांक 26 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक 5वीं सीनियर नेशनल कराते चौंपियनशिप का आयोजन कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है । उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ कराते डू एसोशिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिये किया गया है । राजनांदगॉव जिले के मूल निवासी एवं राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक सिहान मुरली सिंह भारद्वाज इस टीम के प्रमुख कोच के रूप में प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। उक्त टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी कराते खिलाड़ियों को राजनांदगांव जिला कराते संघ के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष कमल पूजन , कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पदम, राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के सीनियर खिलाड़ी जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, टिकेश्वर साहू, तरुण साहू, अन्नपूर्णा साहू एवं अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के सभी सम्मानित अभिभावकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। टीम में चयनित उक्त सभी खिलाड़ियों में सर्वश्री अम्बर सिंह भारद्वाज, जयदीप सिन्हा, लोचन साहू, मोनिका पाढ़ी एवं लोकिता साहू शामिल हैं, जो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये नई दिल्ली रवाना हो चुके है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com